# संस्था का लेटरहेड

दिनांक : ........................

सेवा में,
अध्यक्ष / सचिव
........................... (संस्था का नाम)
...................... (पता)

विषय : गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित NGO Meet हेतु आमंत्रण

सम्मानित अध्यक्ष/सचिव,

सादर जय जिनेन्द्र।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 7 मार्च 2026 को गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत एक विशेष NGO Meet का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गृहिणियों को केवल घर तक सीमित भूमिका में न देखकर, उन्हें सम्मान, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के साथ एक सशक्त व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करना है। परिवार, समाज और राष्ट्रीय स्तर पर गृहिणियों के योगदान को मान्यता दिलाना तथा उनके स्वाभिमान को सुदृढ़ करना इस कार्यक्रम का मूल भाव है।

कार्यक्रम के अंतर्गत

- गृहिणियों के श्रम एवं योगदान पर विचार–विमर्श,
- सामाजिक व प्रशासनिक स्तर पर जागरूकता संवाद,
- प्रेरणा सम्मान तथा
- विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय द्वारा व्यापक जनजागरण का संकल्प लिया जाएगा।

आपकी प्रतिष्ठित संस्था समाजसेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। अतः इस महत्वपूर्ण अभियान में आपकी सहभागिता हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं सार्थक सिद्ध होगी।

आपसे विनम्र अनुरोध है कि आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि सहित इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने विचारों एवं अनुभवों से कार्यक्रम को समृद्ध करें। कृपया अपनी उपस्थिति की पुष्टि करते हुए प्रतिनिधि का नाम एवं संपर्क विवरण अवश्य प्रेषित करने की कृपा करें।

आपकी सकारात्मक सहभागिता की प्रतीक्षा में।

सादर,

अध्यक्ष
तेरापंथ महिला मंडल, .......................
संपर्क : 00000 00000